हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 28 अगस्त 2026

04 पेट्रोल-डीजल, गैस सिलेंडर, खाद्य सामग्री व रोजमर्रा की...



07 फर्जी आईएएस बनकर 9.80 लाख ठगने वाले गिरोह का...



राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

कुंभराज मंडी के गोदाम में जुआ खेलते 8 गिरफ्तार, नकदी जब्त

कुंभराज। जिले की कुंभराज थाना पुलिस ने कृषि उपज मंडी परिसर स्थित गोदाम के अहाते में दबिश देकर जुआ खेल रहे 8 आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ताश के पत्तों के साथ मौके से 4930 रुपये की नगदी जब्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मंडी के गोदाम परिसर में कुछ लोग घेरा बनाकर ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की और मौके से आठ जुआरियों को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम राजेंद्र जैन (58), बृजेश काबरा (48), अंकित जैन (41), शेखर गोस्वामी (22), रवि उर्फ कुणाल अग्रवाल (32), अभिषेक शिवहरे (26), दिलीप जैन (41) और गोपाल साहू (35), सभी निवासी कुंभराज बताए। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे व फड़ से ताश के 104 पत्ते तथा कुल 4930 रुपये नगद जप्त किए हैं।

जैन साधिका मां गुलाब बाई जैन का हुआ सल्लेखना पूर्वक समाधि मरण

आरोन। नगर के आचार्य श्री विद्यासागर साधिका आश्रम में विगत दो वर्ष से साधनारत श्रेष्ठ साधिका मां गुलाब बाई जैन की मुनिश्री निरोग सागर निर्मोह सागर निरामय सागर एवं निर्भीक सागर जी महाराज के सानिध्य में विगत समय से सल्लेखना साधना चल रही थी। गुरुवार को उनका सल्लेखना पूर्वक समाधि मरण हो गया। सुनील झंडा ने जानकारी देते हुए बताया कि केकड़ी राजस्थान निवासी गुलाब बाई जैन जोकि विगत 2 वर्ष से आरोन के आचार्य श्री विद्या सागर महाराज के आशीर्वाद से आरोन जैन समाज द्वारा संचालित हो रहे साधिका आश्रम में साधनारत थीं। गुरुवार को सुबह 11:35 पर उन्होंने देव शास्त्र गुरु का स्मरण करते हुए अपनी नश्वर देह को त्याग दिया। जैसे ही यह खबर नगरवासियों के साथ साथ आसपास के जैन समुदाय के पास पहुंचीं तो जैन समाज के साधर्मी जनों का आरोन पहुंचना प्रारंभ हो गया। स्थानीय दिगम्बर जैन समाज द्वारा बड़ा जैन मंदिर स्थित श्री विद्या सागर साधिका आश्रम से उनकी अंतिम डोला यात्रा निकाली गई। इस अंतिम डोला यात्रा में आरोन जैन समाज के सभी महिला पुरुष बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर उनके गृहस्थ जीवन के परिवार जन भी उपस्थित थे और सभी ने साधिका मां गुलाब बाई जैन के उत्कृष्ट सल्लेखना समाधि मरण की मंगल अनुमोदना की।

किराए के मकान के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी

गुना। शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत विंध्याचल कॉलोनी से एक मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। फरियादी राजा सोनी (25) निवासी घोसी मोहल्ला बीनागंज हाल निवासी विंध्याचल कॉलोनी गुना ने कैंट थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। फरियादी के अनुसार गत रात करीब 11 बजे वह काम से लौटकर आया था और अपनी हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक 09-3845 किराए के मकान के बाहर खड़ी कर अंदर सोने चला गया। सुबह 7 बजे जब उसने बाहर आकर देखा तो बाइक गायब थी। आसपास और मोहल्ले में काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

पत्थर गाड़ने पर विवाद, पड़ोसी ने व्यक्ति से की मारपीट

गुना। शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम विनायक खेड़ी में रास्ता रोककर मारपीट और तोडफ़ोड़ का मामला सामने आया है। पीड़ित फरियादी सुरेंद्र यादव (47) ने अपनी पत्नी कमलेश बाई के साथ थाने पहुंचकर पड़ोसी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। फरियादी के अनुसार गत दोपहर करीब 1 बजे जब वह अपने खेत पर जा रहा था, तभी आरोपी नेपाल यादव ने उसे रोक लिया। विरोध करने पर आरोपी ने थप्पड़ों व डंडे से मारपीट की, जिससे फरियादी के बाएं पैर के घुटने में चोट आई।

ग्रामीणों में आक्रोश, तेज रफ्तार ट्रक ने 11 गायों को कुचला

हाईवे पर लगाया जाम, गोवंश के स्थायी प्रबंधन की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के चिंताहरण क्षेत्र के पास देर रात एक भीषण और हृदयविदारक सडक़ हादसा सामने आया है, जहां एक तेज रफ्तार और लापरवाह ट्रक चालक ने सडक़ पर बैठी 11 गौ-माताओं को बेरहमी से कुचल दिया। इस दर्दनाक हादसे में सभी 11 गायों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में भारी रोष और तनाव की स्थिति निर्मित हो गई, जिसके विरोध में गुस्साए ग्रामीणों और स्थानीय लोगों ने हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चिंताहरण मार्ग पर रात के समय सडक़ किनारे और बीच में बैठी गायों को



अंधाधुंध गति से आ रहे ट्रक ने रौंद दिया। हादसे का मंजर इतना खौफनाक था कि जिसने भी देखा उसका कलेजा कांप उठा। घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और गोसेवक मौके पर एकत्र हो गए। बेजुबान जानवरों की इस तरह हुई दर्दनाक मौत से आक्रोशित लोगों ने मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया, जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और उग्र ग्रामीणों को शांत कराने का प्रयास किया। प्रदर्शन कर रहे नागरिकों ने प्रशासन के समक्ष प्रमुख मांगें रखीं। ग्रामीणों ने कहा कि सडक़ों पर आवारा घूम रहे गोवंश को सुरक्षित स्थानों व गौशालाओं में व्यवस्थित करने के लिए ठोस और स्थायी कदम उठाए जाएं, ताकि सडक़ों पर बैठी बेजुबान गायें हादसों का शिकार न हों। इसके साथ ही ग्रामीणों ने मांग की कि लापरवाह ट्रक चालक को तत्काल गिरफ्तार कर उसके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए तथा मुख्य मार्गों पर तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए स्पीड ब्रेकर व चेकिंग प्वाइंट बनाए जाएं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

धार्मिक जुलूस में शामिल बदमाशों ने युवक को पीटा कोतवाली में मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर की हनुमान गली में एक धार्मिक जुलूस के दौरान सरेबाजार दबंगई और मारपीट का मामला सामने आया है। रास्ते में चल रहे लोगों से स्कूटी निकालने के लिए साइड मांगना एक युवक को भारी पड़ गया। जुलूस में शामिल अज्ञात बदमाशों ने युवक के साथ जमकर गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से उसकी बेरहमी से मारपीट कर दी। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, तलैया मोहल्ला निवासी अभय कलावत गत शाम करीब 5:30 बजे अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी से बाजार जा रहा था। जैसे ही वह हनुमान गली में दुर्गा कटपीस के सामने पहुंचा, तो उसकी स्कूटी के आगे तीन-चार अज्ञात युवक पैदल चल रहे थे। अभय ने जब उनसे एक तरफ होकर रास्ता देने को कहा, तो वे आक्रोशित हो गए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर चारों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी, जिससे अभय की कमर, जबड़े और पीठ में गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद मोनू कलावत ने बीच-बचाव कर उसकी जान बचाई। जाते-जाते आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। सरेबाजार हुई इस घटना से स्थानीय लोगों में गहरा रोष व्याप्त हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने खुद कोतवाली थाना पहुंचकर स्थिति की समीक्षा की और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। सिटी कोतवाली पुलिस ने पीड़ित अभय कलावत की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।


सफाई की मांग को लेकर सीएम हेल्पलाइन में की थी शिकायत

नपा कर्मचारी पर गिरी बर्खास्तगी की गाज, वेतन आहरण पर भी लगी रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

सफाई की मांग को लेकर दर्ज सीएम हेल्पलाइन की शिकायत को जबरन बंद कराने और मना करने पर घर के सामने मरे जानवर व कचरा फिंकवाने की धमकी देने वाले नगर पालिका के दबंग कर्मचारी पर आखिरकार बर्खास्तगी की गाज गिर ही गई।

भार्गव कॉलोनी निवासी पीड़ित परिवार के बुजुर्गों के साथ की गई सरेआम गुंडागर्दी, सीसीटीवी फुटेज और ऑडियो रिकॉर्डिंग के सबूतों को सही पाते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) ने संविदा, ठेका श्रमिक बृजमोहन उर्फ बंटी खरे को तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक कर उसके वेतन आहरण पर रोक लगा दी है। उल्लेखनीय है कि 26 अगस्त को मीडिया के माध्यम से मामला सामने आने पर सीएमओ जांच कराने की बात कही थी, जांच के बाद बर्खास्तगी सुनिश्चित की गई है। जानकारी



के अनुसार पूरा मामला भार्गव कॉलोनी का है, जहां पिछले तीन साल से पसरी गंदगी और कचरे के ढेर की नियमित सफाई के लिए विशाल भार्गव ने सीएम हेल्पलाइन (शिकायत क्र. 33261732) दर्ज कराई थी। 19 अगस्त की शाम नपा कर्मी बंटी खरे टीम के साथ शिकायत बंद कराने पहुंचा। जब परिवार ने सफाई के बाद ही शिकायत बंद करने की बात कही, तो उसने 80 वर्षीय बुजुर्ग माता-पिता से अभद्रता करते हुए दरवाजे पर मरे सूअर-कुत्ते और कचरे से भरा डंपर खाली कराने की सीधी धमकी दे डाली। पीड़ित परिवार ने इसकी शिकायत एसपी और कलेक्टर से करते हुए सीसीटीवी फुटेज सौंपे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर पालिका ने कर्मचारी के इस कृत्य को शासकीय कार्य में घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता और योजना की मूल भावना के विपरीत मानते हुए सख्त कार्रवाई की है। इस कार्रवाई से नपा अमले में हडक़ंप मच गया है। नगर पालिका ने अपने आदेश में माना है कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायत शिकायतकर्ता की संतुष्टि के बाद ही बंद कराई जानी चाहिए।

इनका कहना है...

शिकायत मिलने पर जांच की गई, जिसमें कर्मचारी दोषी पाया गया। उसे बर्खास्त कर दिया गया है।

शैलेश अवस्थी, सीएमओ नपा गुना

महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

जनता को बांटी 1-1 चम्मच शक्कर, सरकार पर जम कर साधा निशाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

रसोई के बढ़ते बजट और बेलगाम महंगाई के खिलाफ गुना में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सत्ताधारी भाजपा सरकार के खिलाफ एक अनोखा और तीखा विरोध प्रदर्शन दर्ज कराया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान तथा राघोगढ़ विधायक व जिलाध्यक्ष जयवर्धन सिंह के मार्गदर्शन में शहर और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता सरेराह मैदान में उतरे। हाथों में तख्तियां और शक्कर के डिब्बे थामे कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए आम राहगीरों को एक-एक चम्मच शक्कर बांटी और सरकार की जनविरोधी नीतियों पर करारा तंज कसा।

40 की शक्कर 70 पार, त्योहारों का मीठा स्वाद हुआ कड़वा

सडक़ों पर उतरे कांग्रेस नेताओं ने सरकार की आर्थिक नीतियों पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि जो शक्कर कुछ ही समय पहले 40 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से आसानी से उपलब्ध थी, उसके दाम अब आसमान छूते हुए 70 रुपये प्रति किलो तक पहुंच चुके हैं। आगामी त्योहारों की आहट के बीच रोजमर्रा की सबसे जरूरी चीज के दाम दोगुने होने से आम मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों का बजट पूरी तरह चरमरा गया है। कार्यकर्ताओं ने जनता के हाथ में एक-एक चम्मच शक्कर थमाकर सांकेतिक रूप से यह संदेश दिया कि मौजूदा दौर में आम आदमी के लिए शक्कर का एक चम्मच पाना भी किसी भारी सौगात जैसा हो गया है।

पेट्रोल-डीजल, बिजली और गैस सिलेंडर पर भी घेरा

इस अनोखे विरोध प्रदर्शन के दौरान सिर्फ शक्कर ही नहीं, बल्कि आम जनता से जुड़े कई अन्य ज्वलंत मुद्दे भी गूंजते नजर आए। कांग्रेस नेताओं ने पेट्रोल में एथेनॉल के नाम पर की जा रही मिलावट से गाडय़ों के इंजन खराब होने का गंभीर मुद्दा प्रमुखता से उठाया। इसके साथ ही, हर महीने आ रहे बेतहाशा बिजली के बिलों और महंगे रसोई गैस सिलेंडर को लेकर भी सरकार को आड़े हाथों लिया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि हर तरफ से केवल आम जनता की जेब पर डाका डाला जा रहा है।

बूढ़े बालाजी मुक्तिधाम में पसरा अंधेरा, मोबाइल की टॉर्च रोशनी में अंतिम संस्कार करने को मजबूर लोग, प्रशासनिक व्यवस्थाओं की खुली पोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के मुक्तिधामों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव किस कदर बना हुआ है, इसकी एक और चिंताजनक और शर्मनाक तस्वीर सामने आई है। शहर के प्रसिद्ध बूढ़े बालाजी स्थित मुक्तिधाम में बिजली व्यवस्था ठप होने के कारण परिजनों को अपने परिजन का अंतिम संस्कार मोबाइल की टॉर्च की रोशनी में करने के लिए मजबूर होना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बूढ़े बालाजी मुक्तिधाम में शाम ढलते ही अंधेरा छा जाता है।



बीते दिन जब एक शव को अंतिम संस्कार के लिए लाया गया, तो वहां लाइट की कोई समुचित व्यवस्था नहीं थी। मजबूरी में परिजनों और वहां मौजूद लोगों ने अपने-अपने मोबाइल फोन की टॉर्च जलाकर अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी कराई। दुख की इस घड़ी में परिजनों को बुनियादी सुविधाओं के अभाव में भारी असुविधा और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ा। गौरतलब है कि शहर के मुक्तिधामों में बदहाली का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कैंट स्थित मुक्तिधाम से इसी तरह मोबाइल की रोशनी में अंतिम संस्कार किए जाने की फोटो और वीडियो सामने आ चुके हैं। कैंट मुक्तिधाम के मामले में प्रशासनिक खामियों पर काफी हो-हल्ला हुआ था।

बमोरी में ऑटो चालक की निर्मम हत्या पर गरमाया लोधा समाज

आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाने और मुआवजे की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के बमोरी थानांतर्गत ग्राम गणेशपुरा में बेखौफ बदमाशों द्वारा ऑटो चालक गोविंद लोधा की सरेराह चाकू मारकर की गई निर्मम हत्या और उनके साथी रवि लोधा पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में लोधा समाज लामबंद हो गया है। गुरुवार को अखिल भारतीय लोधा-लोधी-लोध महासभा के बैनरतले बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने कलेक्टोरेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। समाजबंधुओं ने प्रशासनिक अधिकारियों को मुख्यमंत्री और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर हत्यारों के सरकारी जमीन पर बने अवैध मकानों व अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाने, फरार आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देने की पुरजोर मांग की। ज्ञापन में कहा है कि बुधवार को बमोरी थाना क्षेत्र के गणेशपुरा मार्ग पर भूराचक निवासी 26 वर्षीय गोविंद लोधा पुत्र गजानंद लोधा और 22 वर्षीय रवि लोधा पुत्र तेजकरण लोधा पर आपराधिक प्रवृत्ति के बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। दरअसल, रवि लोधा गुना से अपने गांव जा रहा था, तभी रास्ते में शराब के नशे में धुत आरोपी बंटी सहरिया और उसके भाई रमेश सहरिया ने उसे रोककर



मारपीट शुरू कर दी। पीछे से सवारियां लेकर आ रहे ऑटो चालक गोविंद लोधा ने जब अपने गांव के युवक रवि को पिटता देख बीच-बचाव करने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने गोविंद पर ही चाकुओं से ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। हमले में गंभीर रूप से घायल गोविंद लोधा की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई, जबकि रवि लोधा को भी चाकुओं से गोदा गया, जिसे गंभीर हालत के चलते प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर कर दिया गया है। घटना के दौरान ऑटो में सवार महिलाओं के साथ भी मारपीट की बात सामने आई है। मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी बंटी और रमेश सहरिया को पकडक़र पुलिस के हवाले कर दिया था, लेकिन ज्ञापन के अनुसार इस वारदात में जयवंत कुशवाह, जस्सू सहरिया और उनके अन्य साथी भी शामिल थे, जो अभी तक पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

लोधा समाज ने ज्ञापन में मृतक गोविंद लोधा के परिवार की दर्दनाक स्थिति का हवाला देते हुए बताया कि गोविंद ही अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला सहारा था। उसके माता-पिता दोनों विकलांग हैं और माताजी कैंसर बीमारी से पीड़ित हैं। घर में एक छोटी बच्ची और पत्नी है। गोविंद की हत्या से पूरा परिवार पूरी तरह तहस-नहस हो चुका है। समाज ने मांग की है कि शासन-प्रशासन पीड़ित परिवार को 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता और मुआवजा राशि प्रदान करे, गंभीर रूप से घायल रवि लोधा का पूरा इलाज पूरी तरह निःशुल्क कराया जाए, तथा मृतक गोविंद की पत्नी को उसकी बच्ची और वृद्ध विकलांग ससुर की देखभाल हेतु सरकारी नौकरी दी जाए। ज्ञापन में बमोरी थाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। समाजबंधुओं का आरोप है कि बमोरी थाने का स्टाफ इन अपराधियों से मिला हुआ है और उन्हें अवैध शराब बेचने में मदद करता है। लगातार शिकायतें करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से क्षेत्र में ऐसी संगीन घटनाएं बढ़ रही हैं, इसलिए बमोरी थाने के जिम्मेदार स्टाफ को तत्काल बदला जाना चाहिए। इसके साथ ही ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि आरोपियों ने सरकारी जमीन और सडक़ पर अवैध कब्जे व अतिक्रमण कर रखे हैं, जहां वे नशा करके राहगीरों और वाहन चालकों के साथ गुंडागर्दी करते हैं। समाज ने मांग की है कि इन बदमाशों के अवैध अतिक्रमण को तुरंत तोड़ा जाए।

भैंसें और पड़िया चुराने वाले दो शातिर चोरों पर तीन महीने बाद मामला हुआ दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के आरोन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम आंकखेड़ा में गराज का ताला तोडक़र मवेशी चुराने वाले दो शातिर चोरों के खिलाफ पुलिस द्वारा लगभग तीन महीने बाद मामला दर्ज किया है। पीड़ित किसानों की शिकायत और लगातार की गई पड़ताल के बाद पुलिस ने गांव के ही एक युवक और उसके साथी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। घटना 23-24 मई 26 की मध्यरात्रि की है। फरियादी सोनू धाकड़ (33) और ओमबाबू धाकड़ (27) निवासी आंकखेड़ा ने अपने खेत पर बने मकान के गराज में अपनी दो भैंसें और एक पडिया बांधकर ताला लगा दिया था। सुबह उठकर देखा तो ताला टूटा मिला और करीब 2 लाख रुपये कीमत की दो भैंसें व पडिया गायब थीं। पीड़ित किसान लगातार अपने स्तर पर तलाश कर रहे थे। इसी दौरान पीड़ितों को भनक लगी कि चोरी की इस वारदात को गांव के ही वीरू उर्फ वीर सिंह अहिरवार ने अपने साथी जाकिर मुसलमान निवासी देहरीकला के साथ मिलकर अंजाम दिया है। जब पीड़ितों ने वीरू से पूछताछ की तो उसने पहले मवेशी वापस करने का आश्वासन दिया, लेकिन बाद में टालमटोल करने लगा। आखिरकार पीड़ितों ने आरोन थाने पहुंचकर लिखित आवेदन दिया। आरोन थाना पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर आरोपी वीरू अहिरवार और जाकिर के खिलाफ बीएनएस की धारा 331(4) और 305(ए) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर लिया गया है और चोरी गए मवेशियों की बरामदगी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

समाचार संक्षेप

गीता प्रतिष्ठानम के प्रबोधन वर्ग में स्वाध्याय मंडल के विस्तार को लेकर हुई चर्चा



कुम्भराज। । विश्व गीता प्रतिष्ठानम स्वाध्याय मंडल गुना का कार्यकर्ता प्रबोधन वर्ग कार्यक्रम नजूल कालोनी स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में प्रतिष्ठानम के केन्द्रीय महामंत्री विष्णु नारायण तिवारी की अध्यक्षता विष्णु प्रसाद शर्मा के मुख्य आतिथ्य तथा हरिनारायण शर्मा के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन मध्यभारत प्रांत के संयोजक दिनेश विरथरे ने किया । कार्यक्रम में जिला मंडल एवं नगर के दायित्व वान कार्यकर्ताओं का परिचय मंचासीन पदाधिकारियों ने प्राप्त किया इसके बाद विश्व गीता प्रतिष्ठानम के स्वाध्याय मंडल के विस्तार और गीताजी को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य पर सभी के विचार साझा किए। रामस्वरूप सेन के मार्गदर्शन में केशव बैरागी, बृजभूषण शर्मा तथा उमाशंकर भार्गव ब्लाक और तहसील स्तर पर स्वाध्याय मंडल स्थापित करने का दायित्व सौंपा गया। जिसमें समय समय पर अन्य प्रांतीय और जिले के सदस्यों का सहयोग भी लिया जायेगा। कौशल्या देवी शर्मा को महिला मंडल का मार्गदर्शन का दायित्व प्रदान किया गया। वर्ग में सभी ने संगठन को मजबूत और विस्तार पर अपने विचार व्यक्त किए।

आरोन में आम आदमी की परेशानियों को लेकर कांग्रेस ने उठाई आवाज



आरोन। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं क्षेत्रीय विधायक जयवर्धन सिंह के निर्देशानुसार बढ़ती महंगाई के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरोन द्वारा गुरुवार 27 अगस्त 2026 को दोपहर 12 बजे दास हनुमान मंदिर परिसर में अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक किराना दुकान से 1 किलो शक्कर खरीदकर उसे आम जनता के बीच प्रसाद के रूप में वितरित किया और बढ़ती महंगाई के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पार्वती अहिरवार ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार प्रदेशभर में बढ़ती महंगाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज खाद्य पदार्थों की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। शक्कर, खाद्य तेल सहित रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं आम आदमी की पहुंच से दूर होती जा रही हैं। वहीं घरेलू गैस, पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दामों ने भी आम जनता का बजट बिगाड़ दिया है। उन्होंने कहा कि महंगाई का सबसे अधिक असर गरीब, मजदूर, किसान और मध्यमवर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। रसोई का खर्च लगातार बढ़ रहा है, जबकि आम आदमी की आमदनी के अनुपात में महंगाई का बोझ बढ़ता जा रहा है।

गुना अंडरपास की जर्जर हालत पर उठी आवाज

डीआरएम भोपाल से तत्काल जीर्णोद्धार कराए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



रेलवे स्टेशन एवं EN कार्यालय के समीप स्थित अंडरपास की जर्जर हालत को लेकर यात्री सेवा संगठन मध्य प्रदेश के अध्यक्ष एवं पूर्व पश्चिम मध्य रेलवे रेल उपभोक्ता परामर्शदात्री समिति सदस्य सुनील आचार्य ने मंडल रेल प्रबंधक (DRM) भोपाल सहित संबंधित DEN एवं EN अधिकारियों को पत्र भेजकर तत्काल निरीक्षण एवं जीर्णोद्धार की मांग की है।आचार्य ने पत्र में बताया कि यह अंडरपास गुना रेलवे स्टेशन एवं EN कार्यालय से लगभग 200 मीटर की दूरी पर स्थित है। अंडरपास के दूसरी ओर श्रीराम कॉलोनी सहित दर्जनों कॉलोनियां हैं, जिनमें रहने वाले हजारों छात्र-छात्राओं एवं आम राहगीरों के लिए यह प्रमुख आवागमन मार्ग है। कॉलोनियों को जोड़ने वाला यह मार्ग कम दूरी का होने के कारण दिन-रात लोगों के आवागमन में उपयोग होता है। उन्होंने बताया कि अंडरपास के ऊपर से कोटा-बीना एवं इंदौर रेल लाइन गुजरती हैं और लगातार रेल यातायात संचालित होता रहता है। वर्तमान में अंडरपास की छत की हालत चिंताजनक बनी हुई है। बारिश के दौरान छत से जगह-जगह पानी टपकता है। कंक्रीट की छत होने के बावजूद वर्षा का पानी नीचे आने से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।छत से गिट्टी गिरने की शिकायत, दुर्घटना का डरपत्र में स्थानीय राहगीरों की शिकायत का हवाला देते हुए कहा गया है कि ट्रेनों के गुजरने के दौरान अंडरपास की छत से कुछ स्थानों पर गिट्टी अथवा कंक्रीट के छोटे टुकड़े नीचे गिरने की बात सामने आई है। इससे राहगीरों में भय बना रहता है और किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका है।सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढेअंडरपास के अंदर तथा दोनों ओर की सड़क भी जगह-जगह क्षतिग्रस्त है और गहरे गड्ढे हो गए हैं। बारिश के दौरान इन गड्ढों में पानी भर जाने से राहगीरों एवं वाहन चालकों को इनकी गहराई का पता नहीं चलता, जिससे दुर्घटना का खतरा और बढ़ जाता है।आचार्य के अनुसार, पूर्व में भी राहगीरों की शिकायत पर संबंधित अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया गया था। उस समय सड़क पर डस्ट डालकर गड्ढों को भर दिया गया था, लेकिन वाहनों के लगातार आवागमन के कारण सड़क फिर से जर्जर हो गई।

ईद मिलादुन्नबी के पावन पर्व पर मुस्लिम समाज ने निकाला जुलूस



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

ईद मिलादुन्नबी के पावन पर्व पर पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मुस्लिम समाज द्वारा नगर में भव्य जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर दोपहर 1:30 बजे जौहर की नमाज अदा की गई और देश एवं समाज में अमन, शांति और खुशहाली के लिए दुआएं की गईं। इसके बाद सभी मुस्लिम भाइयों ने एक-दूसरे को ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दी। जुलूस में बड़ी संख्या में समाजजन, युवा एवं बच्चे उत्साह और धार्मिक आस्था के साथ शामिल हुए। पूरे नगर में पर्व को लेकर उत्साह, उल्लास और धार्मिक माहौल देखने को मिला।जुलूस इस्लामिया स्थित चौकी से प्रारंभ हुआ, जो नगर के मुख्य मार्ग से होता हुआ वापस इस्लामिया स्कूल पहुंचा चौराहा, मेन मार्केट, गुलाबगंज चौराहा, पुराना चौराहा, पुराना हायर सेकेंडरी स्कूल, स्थित चौकी पहुंचा, जहां जुलूस का समापन हुआ।जुलूस में बैंड-बाजों के साथ धार्मिक धुनें बजाई जा रही थीं। इसके पीछे बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उत्साह के साथ चल रहे थे । जुलूस में शामिल धर्मावलंबियों ने हाथों में धार्मिक झंडे थाम रखे थे।

बरसते पानी में भी सड़क पर उतरे कांग्रेस कार्यकर्ता, किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

महंगाई के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को चाचौड़ा-बीनागंज क्षेत्र में जोरदार प्रदर्शन किया। बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर उतरे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया।कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर बीनागंज बस स्टैंड स्थित राजीव गांधी चौक पहुंचकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान रसोई गैस, पेट्रोल, शक्कर, बिजली बिल, खाद सहित रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं के बढ़ते दामों को लेकर विरोध जताया गया।पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बल्लू अर्चना काला पहाड़ ने कहा कि महंगाई की मार से गरीब और मध्यम वर्ग परेशान है। उन्होंने सरकार से आमजन को राहत देने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की।ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. संजय मीना ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई का सीधा असर आम जनता की जेब पर पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से महंगाई पर तत्काल नियंत्रण करने और आमजन को राहत देने की मांग की।प्रदर्शन में युवक कांग्रेस प्रभारी सौरभ यादव, गजेंद्र सिंह, नारायण सिंह, प्रदीप श्रीमाल, हेमराज खरे, महिला कांग्रेस अध्यक्ष जयश्री मीना, ब्लॉक अध्यक्ष सुंदरलाल माली, रोहित मीना सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पेट्रोल-डीजल, गैस सिलेंडर, खाद्य सामग्री व रोजमर्रा की वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



देश में लगातार बढ़ती महंगाई और किसानों को खाद की किल्लत से हो रही परेशानी के विरोध में गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी राघौगढ़ के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान केंद्र सरकार की नीतियों को लेकर विरोध जताते हुए आमजन और किसानों से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया।कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि पेट्रोल-डीजल के दामों में बढ़ोतरी का सीधा असर आम आदमी की रोजमर्रा की जिंदगी पर पड़ रहा है। परिवहन महंगा होने से खाद्य सामग्री सहित दैनिक उपयोग की कई वस्तुओं की कीमतों पर भी असर देखने को मिल रहा है। वहीं, गैस सिलेंडर, इलेक्ट्रॉनिक सामान तथा घर में प्रतिदिन उपयोग होने वाली अन्य आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों से आम परिवारों का बजट प्रभावित हो रहा है। प्रदर्शन के दौरान किसानों को खाद की किल्लत का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि खेती के महत्वपूर्ण समय में किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं होने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने तथा वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाने की मांग की गई।ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कहा कि महंगाई का सीधा असर गरीब, मध्यमवर्गीय परिवारों और किसानों पर पड़ रहा है। सरकार को आमजन को राहत देने के लिए आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण और किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए।इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ढोलक पेटी के साथ ,महंगाई डायन खाए जात है, से आम लोगों तक विरोध में अपनी बात पहुंचाई,महंगाई और किसानों की समस्याओं को लेकर जमकर नारेबाजी की तथा सरकार से आमजन और किसान हित में तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की।

आपकी अमानत आपके पास अभियान के अंतर्गत..

एसपी ने 130 गुम हुए मोबाइल वापस कर रक्षाबंधन पर्व का दिया उपहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा रक्षा बंधन के त्यौहार पर आमजन के गुम हुये मोबाईलों को सर्च कर उनके मालिकों को वापिस करने के निर्देश सायबर सेल अशोकनगर एव सभी थाना प्रभारियों को दिये गये, इसी क्रम में सायबर सेल अशोकनगर एवं सभी थानों के संयुक्त प्रयास से जिले के नागरिकों के गुम हुये 130 मोबाईलों को सर्च किया जाकर अशोकनगर के साथ-साथ अन्य जिलों एवं राज्यों से प्राप्त किये गये, जिन्हें पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित कर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कान्फ्रेन्स हॉल में आम नागरिकों को रक्षाबंधन त्यौहार का विशेष उपहार प्रदान कर उनके चेहरे पर खुशियां लौटाई।

वर्तमान में गुम हुये मोबाईल सर्च की सुविधा सभी थानों पर उपलब्ध करा दी गई है, आप अपने गुम हुये मोबाईलों की शिकायत अपने थाना क्षेत्र में ही कर सकते हैं, इसके लिये आपको पुलिस अधीक्षक कार्यालय सायबर सेल में आने की आवश्यकता नहीं है, गुम मोबाईल की शिकायत के लिये आपको एक आवेदन पत्र, आधार कार्ड एवं मोबाईल के बिल के साथ संबंधित थाने मे मोबाइल गुम की शिकायत करनी होगी। गुम मोबाईल की शिकायत आमजन घर बैठे बेवसाईट के माध्यम से भी दर्ज कर सकते हैं।

एनसीआरपी पोर्टल की मदद से साइबर ठगी की राशि 31,382 कराई वापस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



उप पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर रेंज ग्वालियर असित यादव द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर प्रक्रिया के माध्यम से साइबर पीड़ितों की राशि वापस दिलाने तथा साइबर अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के पालन में पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में साइबर अपराधों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। उल्लेखनीय है कि 11 नबंवर 2023 को आवेदक संचित बजाज निवासी अशोकनगर द्वारा स्वयं एवं अपनी बहन स्तुति जैन के बैंक खातों से कुल 31,382 रूपये की राशि निकाले जाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया था। आवेदन की जांच के दौरान साइबर सेल के माध्यम से राशि जिस बैंक खाते में आहरित हुई थी, उस खाते पर तत्काल होल्ड लगवाया गया। जांच में उक्त खाता कोटक महिन्द्रा बैंक का होना पाया गया, जो छत्तीसगढ़ के नाम से संचालित होना पाया गया। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर अंतर सिंह कनेश एवं एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चौहान एवं साइबर सेल अशोकनगर द्वारा एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से आहरित राशि पर होल्ड लगवाकर प्रक्रिया के तहत कुल 31,382 रूपये की राशि पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रक्षाबंधन के पूर्व साइबर ठगी की उक्त राशि स्तुति जैन को प्रदान की गई।

शासकीय महाविद्यालयों की दुर्दशा पर अभाविप का विद्यार्थी हुंकार अभियान, ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



शासकीय महाविद्यालयों में विद्यार्थियों की मूलभूत सुविधाओं एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा प्रदेशभर में 'विद्यार्थी हुंकार अभियान' के अंतर्गत प्रदेशव्यापी प्रदर्शन किया गया। इसी क्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थियों द्वारा मार्च निकालकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया गया तथा उच्च शिक्षा मंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

अभाविप द्वारा आयोजित इस प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन में विद्यार्थियों ने शासकीय महाविद्यालयों में व्याप्त मूलभूत समस्याओं को लेकर अपनी आवाज बुलंद की और सरकार से इन समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की। अभाविप ने कहा कि शासकीय महाविद्यालय विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा प्राप्त करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं, लेकिन अनेक महाविद्यालयों में आज भी विद्यार्थी स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त एवं स्वच्छ शौचालय, व्यवस्थित कक्षाओं, पर्याप्त फर्नीचर, बिजली एवं प्रकाश व्यवस्था, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं, खेल सुविधाओं, छात्राओं के लिए आवश्यक सुविधाओं, इंटरनेट, पार्किंग, सुरक्षा एवं प्राथमिक उपचार जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव का सामना कर रहे हैं। अमन रघुवंशी, विभाग संयोजक, गुना-अशोकनगर ने कहा कि, अशोकनगर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा प्रदेशव्यापी विद्यार्थी हुंकार अभियान के अंतर्गत कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर उच्च शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है।

अखंड दीप एवं जनशताब्दी वर्ष पर घर-घर शक्ति कलश की पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शहर के वार्ड 4 में घर घर कलश पूजन का आयोजन चल रहा है नैना शर्मा के यहां पर शक्ति कलश के समक्ष सामूहिक साधना के साथ संस्कार भी कराई जा रहे हैं। इसी क्रम मे कविता साहू द्वारा पूजा शर्मा का पुनसंबन संस्कार भी किया गया।

इस अवसर पर परिवार समाज एवं राष्ट्र कल्याण की भावना के साथ सामूहिक साधना की गई तथा उपस्थित जनों को गुरुदेव की क्रांतिकारी विचारों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थिति रही अखंड दीप एवं माता भगवती देवी शर्मा जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में विभिन्न घरों में शक्ति कलश का पूजन सपना नायक सरोज शर्मा मिथलेश यादव रानू पाठक दीपा रघुवंशी प्रीति ओझा चंद्रकला नायक रामकुमारी सुमन आशा दुबे उर्मिला दुबे सहित 25 घरों मे पभव्य आध्यात्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला संचालित की जा रही है। इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य जन-जन को युग निर्माण के विचारों से जोड़ना तथा समाज में नैतिक एवं संस्कृति जागरण लाना है।

पुरुष अधिकारी-कर्मचारी संभालेंगे दायित्व

महिला पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को रक्षाबंधन पर अवकाश दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले की महिला पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए संवेदनशील एवं अभिनव पहल की गई है। पुलिस अधीक्षक द्वारा रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर कल जिले में पदस्थ समस्त महिला पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को अवकाश प्रदान किया गया है, ताकि वह परिवार एवं भाई-बहनों के साथ इस पावन पर्व को हर्षोल्लास के साथ मना सकें।

महिला पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों के अवकाश के दौरान उनके दायित्वों एवं कार्यालयीन कार्यों में किसी प्रकार का व्यवधान न हो, इसके लिए पुरुष पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को उनके स्थान पर कार्य एवं दायित्व संभालने के निर्देश दिए गए हैं। इस व्यवस्था का उद्देश्य पुलिसिंग व्यवस्था को सुचारू बनाए रखते हुए महिला पुलिसकर्मियों को रक्षाबंधन पर्व पर अपने परिवार के साथ समय बिताने का अवसर प्रदान करना है। इस अवसर को और अधिक यादगार बनाने के लिए जिले की महिला पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगणों द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, अशोकनगर में राखियां पोस्ट की जाएंगी, जिन्हें बाद में कार्यालय परिसर में आकर्षक रूप से डिस्प्ले किया जाएगा। यह पहल पुलिस परिवार के बीच स्नेह, भाईचारे और पारिवारिक भावनाओं को मजबूत करने के साथ महिला पुलिसकर्मियों के प्रति सम्मान का संदेश भी देगी।

महंगाई के खिलाफ सड़कों पर उतरे कांग्रेसी, ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का जिले भर में अभियान चल रहा है, नईसरांय मे गुरुवार को कांग्रेस कमेटी जन प्रदर्शन किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में कांग्रेसी पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। कांग्रेसियों कार्यकर्ताओं ने केंद्र प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन की शुरुआत बस स्टैंड से हुई कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए और हाथों में महंगाई के विरोध तख्तियां व बैनर लेकर पैदल मार्च कर निकले। नारा लगाते हुए नईसरांय के मेन बाजार हाट बाजार होते हए वापस बस स्टैंड पहुंचे और कार्यक्रम का समापन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार की आर्थिक नीति को जन विरोधी बताते हुए महंगाई पर तत्काल निरंतर की मांग की। इसके दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी ब्लॉक अध्यक्ष शिशुपाल सिंह रघुवंशी, किसान कांग्रेस अध्यक्ष रितेश रघुवंशी अमरोद,जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष अशोक सिंह कल्याण सिंह यादव, आई टी शेल नितिन रघुवंशी,यूथ कांग्रेस अध्यक्ष आयुष गणिहरि, नैतिक शर्मा, बलबीर यादव,बबलू ,हरवीर सिंह,रानू हरेन्द्र रघुवंशी व कांग्रेस जन मौजूद रहे।

न्यायालय नायब तहसीलदार वृत- 3 पैंची तहसील चाँचौड़ा जिला गुना मप्र.

प्रकरण क्रमांक /0002/अ-20(3)/2026-27/455
चाँचौड़ा दिनांक 27/08/2026

जनपद पंचायत चाँचौड़ा जिला गुना म.प्र. .....आवेदक
विरुद्ध
म.प्र. शासन परवारी ग्राम पाखारियापुरा
तहसील चाँचौड़ा जिला गुना म.प्र. ..... अनावेदक
(विज्ञप्ति सूचना)

जरिये इस्तहार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चाँचौड़ा जिला गुना द्वारा ग्राम पाखरियापुरा स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 160/1 रकबा 3.2080 हे0 भूमि में से रकबा 0.042 हे० भूमि को सामुदायिक भवन निमार्ण हेतु आबंटन किये जाने हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय, जिला गुना को प्रस्तुत किया गया है, जो अनुविभागीय अधिकारी महोदय, (राजस्व) उपखण्ड चाँचौड़ा के माध्यम से विधिवत भूमि आबंटन की कार्यवाही के प्रस्ताव भेजने हेतु प्राप्त हुआ। उपरोक्त भूमि के आबंटन के संबंध में यदि कोई अन्य व्यक्ति या पूर्त संस्था आवेदित भूमि का आवंटन चाहती है तो वह उद्घोषणा में उल्लेखित अंतिम तिथि तक प्ररूप-एक में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेगी। ऐसी अन्य संस्था द्वारा प्रक्रिया शुल्क रुपए दस हजार शासकीय खजाने में परिशिष्ट "क" में उल्लेखित मद में जमा कर उसकी पावती की छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न की जाएगी। प्रक्रिया शुल्क आवेदन के अमान्य होने की दशा में वापिस नहीं किया जाएगा और न ही मान्य होने की दशा में किसी देय राशि के विरुद्ध समायोजित किया जाएगा। अतः आवेदित संस्था को आबंटित किये जाने से जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति प्रकरण मे नियत दिनांक 11/09/2026 (जारी दिनांक से 15 दिवस) को या इसके पूर्व इस न्यायालय मे स्वंय या अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। बाद गुजरने म्याद कोई आपत्ति मान्य नही होगी। आज दिनांक 27/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

(देवसिंह यादव)
नायब तहसीलदार परगना-चाँचौड़ा

खबर संक्षेप

जिला परिवहन अधिकारी ने की चंदेरी में वाहनों की चैकिंग

अशोकनगर। जिला परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी द्वारा तहसील चंदेरी में यात्री वाहनों के दस्तावेज चैक किये गए। चैकिंग के दौरान वाहनों के दस्तावेजों एवं वाहनों में कमी पाये जाने पर 07 वाहनों पर चालानी कार्यवाही की जाकर समझौता शुल्क की राशि रूपये 27000 वसूल किया गया। उक्त चैकिंग के दौरान यात्री वाहनों में ओवरलोडिग/अग्निशमन यंत्र/फस्टएेड बॉक्स ना होना एवं सीट बेल्ट ना लगा होने पर आदि अपराधों में नियमानुसार चालानी कार्यवाही की जाती है। आगे भी जिले मे चैकिंग निरतंर जारी रहेगी। 27 अगस्त फोटो न.22 चंदेरी में परिवहन विभाग ने बसों पर कार्यवाही की।

आकाशीय बिजली गिरने से भैंस की मौत



राजपुर। राजपुर कसवे मैं सुवह 9 बजे के दरम्यान अपने खेत पर जब दोनों भैंस एव उनका पाड़ा खूंटे पर बंधे थें अचानक तेज चमकदार जेसी रोशनी हुई और आकाशीय बिजली गिरने से एक एक कर तड़प कर तीनों की मौंके पर ही मौत हो गई। राजपुर पुलिस चोकी में लिखित आवेदन दिया है, वही गांव के हल्का पटवारी को भी अवगत कर दिया है। राजपुर में पशु चिकित्सालय भवन होंने के वाद भी वहा पर कोई डाक्टर नहीं रहता है ,समाचार लिखे जानें तक इन्तजार करतें करतें पांच घंटे वीत गय लेकिन डाक्टर नहीं आए।

गौशालाओं में लगेंगे लिक्विड फर्टिलाइजर प्लांट

अशोकनगर। जिले की गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लिक्विड फर्टिलाइजर प्लांट स्थापित किये जायेगें। इस आशय की जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री राजेश जैन ने बताया कि इन संयंत्र के माध्यम से गौशालाओं में उपलब्ध गोबर एवं अन्य जैविक उर्वरक तैयार किया जायेगा। इस पहल से गौशालाओं में गोबर का बेहतर प्रबंधन होने के साथ-साथ जैविक खाद का उत्पादन संभव होगा। तैयार जैविक उर्वरक का उपयोग कृषि कार्यो में किया जा सकेगा। जिससे किसानों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि यह प्लांट गौशालाओं में स्थापित कराने के लिए दो माह का समय दिया गया है।

नीरज को भोपाल महानगर पिछडा वर्ग मोर्चा प्रभारी बनाया



अशोकनगर। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सभी जिलों के प्रभारी के रूप में पिछड़ा वर्ग को मजबूत करने के लिए घोषणा की गई जिसमें अशोकनगर से नीरज सोनी जिनको भोपाल महानगर का पिछड़ा वर्ग मोर्चे का प्रभारी बनाया गया है। नीरज सोनी पूर्व में भारतीय जनता युवा मोर्चा अशोकनगर के जिला अध्यक्ष भाजपा जिला उपाध्यक्ष, एल्डरमैन जैसे कई पदों पर रहकर पार्टी की सेवा की है। उनकी घोषणा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एंव पिछड़ा वर्ग मोर्चे के प्रभारी मनोरंजन मिश्रा की सहमति प्रदेशाध्यक्ष पवन पाटीदार जो कि पिछड़ा वर्ग मोर्चे की मध्य प्रदेश की कमान संभाले हुए हैं उनके द्वारा अपनी टीम का विस्तार किया गया है। नीरज सोनी की घोषणा से जिले में एक खुशी की लहर दौड़ गई है। साथ ही भारतीय जनता पार्टी के पुराने कर्मठ कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की साथी प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। शहर के सभी बुद्धिजीवी समाजसेवी और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी।

शासकीय महाविद्यालय सेहराई में 'खेलो इंडिया संवाद के अंतर्गत प्रधानमंत्री ने खेल को लेकर बच्चों से की बात

युवाओं से पीएम मोदी ने कहा 'जो खेलेगा, वही खिलेगा' 2036 ओलंपिक के लिए बताया रोडमैप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शासकीय महाविद्यालय सेहराई में में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'खेलो इंडिया संवाद खेल की बात पीएम के साथ' कार्यक्रम का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। है। विशेष बात यह है कि सहराई महाविद्यालय के विद्यार्थी के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने स्क्रीन शेयर की।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करना, उनमें खेल भावना विकसित करना तथा स्वस्थ, अनुशासित और सशक्त राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक ब्रजेन्द्र सिंह यादव विशिष्ट अतिथि साकेत मालवीय कलेक्टर अशोकनगर, ए.एस.पी अंतर सिंह, जिला खेल अधिकारी अरुण कुमार रघुवंशी, आलोक तिवारी जिला अध्यक्ष भा.ज.पा. अशोकनगर, एसडीओपी सनम बी खान एस डी एम ब्रज विहारी श्रीवास्तव, श्रेया कंदोला आदि शामिल हुए।





प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना गया

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं प्रतिभागियों के स्वागत, दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात प्राचार्य डॉ अतुल गुप्ता द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेल एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ वर्चुअली महाविद्यालय के विद्यार्थी जुड़े, संबोधण को सुना। प्रधानमंत्री ने खेलों के महत्व, युवाओं की ऊर्जा, खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन तथा देश में मजबूत खेल संस्कृति विकसित करने पर प्रेरणादायी विचार साझा किए। युवाओं से पीएम मोदी ने कहा 'जो खेलेगा, वही खिलेगा', 2036 ओलंपिक के लिए बताया रोडमैप 200 से अधिक राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक इस संवाद में सहभागिता की और प्रधानमंत्री के संदेश से प्रेरणा प्राप्त की।



सोनिया ने अपने अनुभव साझा किए

इस अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस से संबंधित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। इसके पश्चात आयोजित 'स्थानीय युवा संवाद में एथलेटिक्स से जुड़ी सोनिया राजवाड़े ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बजेन्द्र सिंह यादव ने युवाओं को संबोधित करते हुए खेलों को अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व एवं व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। और कहा कि हमारे प्रधानमंत्री का ध्यान ग्रामीण स्तर के महाविद्यालय तक है। इस अवसर पर कलेक्टर साकेत मालवीय ने युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक मजबूती, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और टीम भावना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मानसी रघुवंशी और भूरक्षा दुबे ने युवा संवाद में भाग लिया

मानसी रघुवंशी और भूरक्षा दुबे ने युवा संवाद के दौरान प्रश्नोत्तरी सत्र में उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलों में भी सक्रिय रूप से भाग लेने और अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक ले जाने के लिए प्रेरित किया। उनके मार्गदर्शन और खेलों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता ने विद्यार्थियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ अंजू सिहारे ने किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को स्मृति-चिह्न भेंट किए गए। इसके पश्चात राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का गरिमापूर्ण समापन हुआ तथा अतिथियों, आयोजन समिति एवं प्रतिभागियों के साथ समूह छायाचित्र लिया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायी एवं उत्साहपूर्ण अनुभव रहा। कार्यक्रम ने युवाओं में खेल भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ किया। साथ ही, इस पहल ने विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि शिक्षा और खेल का संतुलित समन्वय ही एक स्वस्थ, आत्मविश्वासी और सक्षम युवा पीढ़ी का निर्माण कर सकता है। अरुण कुमार रघुवंशी ने कहा कि महाविद्यालय द्वारा आयोजित यह पहल युवाओं को खेलों से जोड़ने तथा 'फिट युवा सशक्त भारत' की भावना को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय प्रयास रही।

ससुराल से मिले फर्जी ट्रेनी अफसर के मोमेंटो

फर्जी आईएएस बनकर 9.80 लाख ठगने वाले गिरोह का पर्दाफाश, भोपाल से इनोवा कार बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मध्यप्रदेश टूरिज्म विभाग की एडिशनल डायरेक्टर और फर्जी आईएएस अधिकारी बनकर युवाओं को सरकारी नौकरी का झांसा देने वाले गिरोह पर चंदेरी पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपियों के भोपाल स्थित ठिकानों से धोखाधड़ी से जुड़े कई अहम साक्ष्य, फर्जी मोमेंटो और वारदात में प्रयुक्त भारत सरकारश की पट्टी लगी इनोवा कार बरामद की गई है। पुलिस ने मामले में आरोपी तृप्ति सिंह राजपूत की कार के ड्राइवर को भी गिरफ्तार कर लिया है।

किला कोठी में ठहरा था ठग गिरोह- मामला अप्रैल 2025 का है, जब भोपाल निवासी तृप्ति सिंह राजपूत, उसका भाई सुधांशु सिंह, तनुज बैश्य और अंजली सिंह चंदेरी भ्रमण पर आए थे और किला कोठी में ठहरे थे। आरोपी तृप्ति सिंह ने खुद को एमपी टूरिज्म विभाग का एडिशनल डायरेक्टर और मानव संसाधन विकास मंत्रालय का हेड बताकर स्थानीय युवकों को प्रभावित किया।उसने फरियादी जयकुमार कोली (निवासी पसियापुरा, चंदेरी), विजय कुमार दुबे, ऋतिक शर्मा और राघव सोनी को सरकारी नौकरी और मोटा वेतन दिलाने का लालच दिया। इसके बदले प्रति व्यक्ति 3 लाख रुपये की मांग की गई। झांसे में आकर फरियादियों ने 9 लाख 80 हजार रुपये नगद और अपने शैक्षणिक दस्तावेज आरोपियों को सौंप दिए थे।

भोपाल में दबिश, ससुराल से मिले फर्जी ट्रॉफी-मोमेंटो

फरियादियों की शिकायत पर चंदेरी थाने में धारा 318(4), 336(3), 338 और 340(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। चंदेरी पुलिस टीम ने न्यायालय से आरोपी तृप्ति सिंह और उसके भाई सुधांशु का 3 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया। रिमांड के दौरान पुलिस टीम ने आरोपियों के संत आसाराम नगर (बागमुगलिया, भोपाल) स्थित घर पर दबिश देकर पीड़ितों के मूल दस्तावेज, महंगे आईफोन की रसीदें, लग्जरी होटलों में रुकने के बिल और हवाई यात्रा के टिकट जब्त किए। इसके अलावा, अल्कापुरी (भोपाल) स्थित तृप्ति की ससुराल से फर्जी आईएएस ट्रेनी अफसर बनने के दस्तावेज, ट्रॉफी और मोमेंटो बरामद हुए हैं।

भारत सरकार लिखी इनोवा कार और ड्राइवर गिरफ्तार

पुलिस ने भोपाल के अयोध्या नगर से आरोपियों के ड्राइवर भूपेंद्र बैरागी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से फर्जीवाड़े में प्रयुक्त इनोवा कार एमपी 04 टीए 4178 बरामद की गई है, जिस पर श्भारत सरकारश् की पट्टी लगी हुई थी। इसी गाड़ी से आरोपी लोगों पर रौब झाड़ते थे। साक्ष्य छिपाने की कोशिश करने पर पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 319(2), 61(2) और 238 का इजाफा किया है। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है, जबकि गिरोह के अन्य सदस्यों तनुज वैश्य और अंजली सिंह की तलाश जारी है।

रक्षाबंधन के पर्व पर स्कूलों में छात्र-छात्राओं ने पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधे



अशोकनगर। जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा की प्रेरणा से रक्षाबंधन के अवसर पर स्कूलों में विद्यार्थियों ने अनूठी पहल करते हुए पेड़ों की रक्षा का संकल्प लिया। छात्र-छात्राओं ने पेड़ों को राखी बांधकर उनकी सुरक्षा और संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर बच्चों ने कहा कि जिस तरह भाई-बहन एक-दूसरे की रक्षा का वचन देते हैं, उसी तरह हमें पेड़-पौधों की भी रक्षा करनी चाहिए। पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं और पर्यावरण को स्वच्छ एवं संतुलित रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। विद्यालयों में आयोजित इस पहल के माध्यम से बच्चों ने समाज को संदेश दिया कि "पेड़ बचेंगे तो जीवन बचेगा।" विद्यार्थियों ने पेड़ों की नियमित देखभाल करने तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प भी लिया।

प्रकरण में देरी पर परिजनों ने सड़क पर रखा शव

चुनरी यात्रा के साथ चल रहे ट्रैक्टर की चपेट में आए बच्चे की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

बहादुरपुर थाना क्षेत्र के इकोदिया के निकट बीते गुरुवार को एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक बच्चा और उसका पिता बुरी तरह घायल हो गए थे, जिनमें से बच्चे की मौत गत बुधवार को भोपाल के हमीदिया अस्पताल में उपचार के दौरान हो गई। बच्चे का शव जब अस्पताल से घर लाया जा रहा था तो उसके परिजन एवं ग्रामीण पुलिसिया कार्रवाई में देरी को कारण बताते हुए आक्रोषित हो गए और षव को घर न ले जाकर बहादुरपुर पुलिस थाने के सामने ला कर सड़क पर रख दिया। करीब आधे घंटे तक उन्होंने नारेबाजी कर प्रदर्षन किया, तब तक पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर कर दी। इसके बाद प्रदर्षन समाप्त हो गया।

थाना प्रभारी नीलम सिंह यादव ने बताया कि बीते गुरुवार को बंगला चैराहा-करीला मार्ग पर इकोदिया गांव के निकट एक आईषर ट्रैक्टर की चपेट में 12 वर्षीय देव नामक बच्चा और उसका पिता 45 वर्षीय वीरसिंह परिहार निवासी बगवा आ गए थे। यह ट्रैक्टर विदिषा जिले की किसी गांव से आई चुनरी यात्रा के साथ चल रहा था। दुर्घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बहादुरपुर, फिर जिला अस्पताल और इसके बाद भोपाल के हमीदिया अस्पताल ले जाया गया था। जहां गत बुधवार को बच्चे ने दम तोड़ दिया जबकि उसके पिता का उपचार जारी है। थाना प्रभारी ने बताया कि दुर्घटना के मामले में पहले उपचार आवष्यक होता है, पुलिस की कार्रवाई कभी भी हो जाती है किंतु बच्चे की मौत हो जाने के कारण परिजन आक्रोषित हो गए थे।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



वरिष्ठ अधिकारियों के भ्रमण के दौरान आंगनबाडी केन्द्रों पर पोषण टेकर एप एंट्री. सी.एम. हेल्पलाईन निराकरण, मैदानी स्तर पर गृह भेंट, कुपोषण चिन्हांकन, हितग्राहियों को दी जाने वाली सेवाओं में अनेक कमियों पाई जाती है। इन्हीं कमियों के पाए जाने पर मुख्यमंत्री जनविश्वास कार्यक्रम 2026 के तहत 7 अगस्त 2026 को जी.वी.रश्मि प्रमुख सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा परियोजना मुंगावली के भ्रमण के दौरान निर्देशित किया कि जिला अशोकनगर में सभी सेक्टर स्तर पर आंगनबाडी कार्यकर्ताओं के छोटे-छोटे बैच बनाकर प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि ट्रेनिंग थीम बेस्ड हों एवं प्रशिक्षण में पर्याप्त समय दिया जाए, ताकि प्रत्येक आंगनबाडी कार्यकर्ता पर ध्यान दिया जाए। इसी के आधार पर 12 अगस्त 2026 से प्रशिक्षण प्रारंभ किए गए। 20 अगस्त 2026 तक सेक्टर अशोकनगर ग्रामीण, बरखेडा गौड, नारायणपुर, राजपुर, रातीखेडा, सेमराहाट, शाढौरा, तूमैन में कुल 140 ओगनबाडी कार्यकर्ताओं को चिन्हिप्त कर प्रशिक्षण दिया गया। इसमें आंगनबाडी कार्यकर्ता को संपर्क एप व पोषण टेकर एप के एक-एक बिंदु पर विस्तार से समझाया गया। आंगनबाडी कार्यकर्ता को कौन से बिंदु पर किस समय एंट्री करना है यह बताया गया।

चंदेरी पर्यटन नगरी से ई-बस सेवा प्रारंभ करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

भारत सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रधानमंत्री ई-बस सेवा को मंजूरी प्रदान की गई है, जिसके तहत देश के विभिन्न राज्यों में इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जा रहा है। इसी तर्ज पर मध्य प्रदेश में भी मुख्यमंत्री परिवहन सेवा के तहत इलेक्ट्रिक बसें संचालित हो रही हैं, जिसमें मध्य प्रदेश राज्य सरकार द्वारा इंदौर, भोपाल, उज्जैन आदि शहरों में इस सेवा की शुरुआत की जा रही है, ग्वालियर संभाग को इसमें कनेक्ट किया जा रहा है। इस सब को देखते हुए अशोकनगर जिले की पर्यटन नगरी चंदेरी को भी इलेक्ट्रिक बसों के माध्यम से जोड़ने की मांग क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के माध्यम से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से नागरिकों द्वारा की गई है, जिससे पर्यटन नगरी चंदेरी भी पर्यावरण हितैषी इलेक्ट्रिक बसों से संबंध हो सके और यहां पर्यटकों का आना इन बसों के माध्यम से प्रारंभ हो जाए।



कार्रवाई का दिया आश्वासन

कच्ची सड़क पर बनी पुलिया के क्षतिग्रस्त होने के बाद विधायक मौके पर पहुंचे



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर


विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुन्दौली में भ्रमण के दौरान विधायक इंजी. हरिबाबू राय ने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। कच्ची सड़क पर बनी पुलिया के बरसात में क्षतिग्रस्त होने के बाद विधायक मौके पर पहुंचे, कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने दूसरे गांव को जोड़ने वाली कच्ची सड़क पर बनी पुलिया के बरसात में क्षतिग्रस्त होकर बह जाने की समस्या से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिया क्षतिग्रस्त होने के कारण आवागमन बाधित हो गया है और उन्हें दूसरी ओर जाने के लिए करीब 10 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ रहा है। इससे ग्रामीणों, विद्यार्थियों, किसानों एवं अन्य लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मंत्रों की साधना के लिए उच्चारण शुद्धि की नितांत आवश्यकता है: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

साइंस ऑफ लिविंग के इस सत्र में, पूज्य मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने बताया कि साइंस ऑफ प्रनन्सियेशन सही उच्चारण का व्यक्तित्व और आध्यात्मिक विकास के क्षेत्र में गहरा योगदान है। हम जितना इस बात को समझने का प्रयास करते हैं उतना ही हमारा सर्वांगीण विकास होता चला जाता है।

उन्होंने कहा कि भाषा हमारे भावों को अभिव्यक्त करने का सबसे सशक्त माध्यम है। भाषा को शब्दों व संकेत के माध्यम से पहचान मिलती है और शब्द के उच्चारण उसकी गुणवत्ता का निर्धारण करते हैं। उदाहरण के लिए प्राचार्य जी ने एक शिक्षक से कहा सूचना पटल पर सूचना लिख दीजिए कि श्कल विद्यालय बंद रखा जाएगा अब शिक्षक ने लिख दिया कि कल विद्यालय बंदर खा जाएगा। इस तरह से हम भी जब मंत्र आदि की साधना को करते हैं उस समय मंत्रों के उच्चारण पर भी विशेष ध्यान रखा होता है। नहीं तो राम का नाम लेते जा रहे हैं और मारा-मारा कहते जा रहे हैं। इस प्रकार अशुद्ध उच्चारण के माध्यम से कभी भी शुद्धत्व की प्राप्ति नहीं हो सकती है।



आचार्य धरसेन मुनिराज ने भी अपने शिष्यों का परीक्षण किया और पुष्पदंत व भूतवली मुनिराज को एक-एक मंत्र देकर उनकी परीक्षा की। और जब वे परीक्षा में खड़े उतरे तो फिर इनको प्रशिक्षित किया। इस प्रशिक्षण के बाद ही उन दोनों शिष्यों ने षट्खंडागम जैसे सदी का सबसे महान ग्रंथ लिखा। इसलिए जैन दर्शन में मंत्र सिद्धि में उच्चारण शुद्धि को महत्वपूर्ण माना है। उल्लेखनीय है कि मुनिश्री द्वारा प्रतिदिन तीन-चार कक्षाएं लगाकर श्रद्धालुओं को विभिन्न शास्त्रों का अध्ययन कराया जा रहा है। इस दौरान मुनि श्री शब्दों के उच्चारण का विशेष रूप से अध्ययन करते हैं और समझने के लिए स्लेट पर शब्दों को लिखकर भी बताते हैं। इस तरह वह श्रद्धालुओं के उच्चारण को शुद्ध करा रहे हैं। धर्म सभा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्म लाभ ले रहे हैं।

पुलिस की बड़ी सफलता, 10 राज्यों में 30 हजार किमी पीछा किया

पहले झांसे में लेकर कुछ रुपए डबल किए फिर एक साथ ठगे 2 करोड़, 14 पकड़ाए

1 करोड़ 73 लाख नकद, 4 लग्जरी वाहन, 19 मोबाइल फोन भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

व्यापारियों को कम समय में रुपए डबल करने का झांसा देकर ठगी करनी वाली अंतराज्जीय गैंग को राजगढ़ पुलिस ने पकड़ने में सफलता पाई है। जुलाई माह में ब्यावरा के एक व्यापारी के साथ हुई करीब 2 करोड़ की ठगी मामले में पुलिस ने 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 1 करोड़ 71 लाख रुपए नकद, चार लग्जरी वाहन, 19 एंड्राईड फोन जब्त किए हैं। बदमाश इतने शातिर थे कि पहले वे संबंधित का भरोसा जीतते थे और कुछ रकम दौगनी करके दे भी देते थे। जब व्यापारी या सामने वाला व्यक्ति ब्रेन वाश कर देता था तो आरोपी एक बड़ी रकम ठग कर फरार हो जाया करते थे और फिर उनका कोई अता-पता नहीं लगता था।



इस तरह ब्यावरा के व्यापारी से ठगे से 2 करोड़ रुपए

आरोपियों द्वारा व्यापारा मंडी व्यापारी दिनेश पालीवाल को 2 करोड़ रुपए निवेश करने पर राशि दौगनी करने का झांसा दिया गया। पहले कुछ राशि डबल करके दे भी दी गई ताकि पालीवाल का विश्वास जीता जा सके। एक दिन फरियादी से 2 करोड़ नकद लेकर एवं फर्जी भुगतान संदेश दिखाकर भ्रमित किया गया। बाद में आरोपी रफूचक्कर हो गए। विवेचना टीम में 50 से अधिक पुलिस अधिकारी, कर्मचारी शामिल किए गए। आरोपियों की मूवमेंट एवं आपसी कनेक्शन की कड़ियां जोड़ने के लिए अलग-अलग राज्यों में करीब 3 हजार से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। पुलिस टीमों ने लगभग 30 हजार किमी की दूरी तय करते हुए करीब 35 दिनों तक विभिन्न राज्यों से 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

गिरोह के सदस्यों की भूमिका एवं घटना का क्रम

जांच में सामने आया कि आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से फरियादी को कंपनी में निवेश के नाम पर विश्वास में लेकर राशि देने के लिए तैयार किया। माधव असोरे जो कंपनी कर्मचारी के रूप में कार्य कर रहा था तथा सुजीत टेम्बेकर एवं साहिल नीसवाडे ने फरियादी की तलाश एवं पहचान कर उसे गिरोह के संपर्क में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके बाद प्रफुल्ल गजभिये एवं सचित कामले ने कंपनी के एजेंट के रूप में, दिनेश वीरानी ने कंपनी के चार्टर्ड अकाउंटेंट के रूप में तथा वासुदेव गाडेकर ने कंपनी के डायरेक्टर के रूप में स्वयं को प्रस्तुत कर फरियादी से मुलाकात की। फरियादी को विश्वास में लेने के लिए भोपाल एवं ब्यावरा स्थित होटल प्रेसिडेंट एवं होटल रेडिएंट में आरोपियों द्वारा मुलाकात एवं बातचीत की गई। भोपाल के जहांगीराबाद स्थित बाबूलाल कांतीलाल कोरियर ऑफिस पर फरियादी से 2 करोड़ की नकद राशि प्राप्त की गई।

अन्य राज्यों की पुलिस की भी मिली मदद

उक्त संपूर्ण कार्रवाई में जिला राजगढ़ पुलिस की विशेष टीम के साथ-साथ मुंबई, नांदेड़, लातुर, भदौही, पुणे, हैदराबाद, केरल, तेलंगाना, भोपाल सिटी पुलिस ने सभी आरोपीगणों की गिरफ्तारी एवं ठगी गई राशि की बरामदगी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

ऐसे काम करता था गिरोह

- कार्यप्रणाली कई स्तरों में बंटी हुई थी।
- पहला स्तर मालदार पर जरूरतमंद व्यक्तियों को चिन्हित करना।
- दूसरा पीड़ित का विश्वास जीतना।
- ई-मेल, स्वीकृति-पत्र और भुगतान संदेश दिखाकर निवेश को वास्तविक सिद्ध करना।
- पीड़ित से अधिकतम नकद राशि लेना ताकि बैंकिंग रिकार्ड न मिले।
- नकद राशि को हवाला नेटवर्क से अलग-अलग व्यक्तियों और शहरों तक पहुँचाना।
- गिरोह आपस में राशि बांटकर सिम और मोबाइल बदल दिया करते थे।

ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में

शक्कर की पुड़िया देकर एसडीएम को सौंपा अपनी मांगों का ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

देश में इन दिनों शक्कर के दाम काफी तेजी से बढ रहे हैं। आम आदमी की पहुंच से दूर होती जा रही शक्कर सहित अन्य किराना सामानों की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी को लेकर ब्लॉक कांग्रेस द्वारा गुरुवार को अलग तरह से प्रदेर्शन किया गया। सभी इंकाजन नारेबाजी करते हुए कलेक्टोरेट पहुंचे और सांकेतिक रूप से शक्कर, दाल व अन्य किराने के सामानों की पुड़ियाएं एसडीएम को देकर राज्यपाल के नाम अपनी मांगों का ज्ञापन उन्हें सौंपा। ब्लॉक इंकाध्यक्ष महेंद्र पंवार सहित पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी के नेतृत्व में मांग रखी गई कि लगातार बढ़ रहे किराना सामानों के दामों पर तुरंत नियंत्रण पाया जाए। चीनी की कीमतों पर प्रभावी नियंत्रण के प्रयास तेज करें साथ ही बढ़े हुए बिजली के दामों से घरैलू उपभोक्ता एवं किसानों को राहत देते हुए 120 रुपए पेट्रोल की कीमत को तत्काल कम करते हुए आमजनों को राहत दी जाए।

स्थानीय समस्याओं का भी तत्काल हो निराकरण

ज्ञापन में यह भी मांग रखी गई कि किसानों के लिए बिजली, खाद, बीज एवं कृषि संबंधी आवश्यक सामानों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए साथ ही राजगढ़ जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की स्थानीय समस्याओं का का तत्काल निराकरण करवाया जाए। इस अवसर पर सेवादल अध्यक्ष हेमंत सिसोदिया, ईश्वर सिंह, नयन विजयवर्गीय, राशिद जमील सहित अन्य उपस्थित थे।

महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

चाय-शक्कर भेंट कर जताया विरोध, बिजली बिल और गैस की किल्लत पर सरकार को घेरा



हरिभूमि न्यूज. सारंगपुर। प्रदेश में लगातार बढ़ रही महंगाई, बिजली के बढ़े हुए बिल, बस किराए में वृद्धि और गैस की किल्लत के विरोध में गुरुवार को ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी ने राज्यपाल के नाम एसडीएम जय सिंह सौलंकी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध स्वरूप चाय और शक्कर भेंट की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश एवं पूर्व ऊर्जा मंत्री तथा जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची के आदेशानुसार आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी ने कहा कि मध्यप्रदेश कृषि प्रधान प्रदेश है और यहां की बड़ी आबादी की आजीविका कृषि एवं किसानों पर निर्भर है। किसानों को फसल बीमा और मुआवजे का लाभ समय पर नहीं मिल रहा है तथा उन्हें अपनी उपज के उचित दाम का इंतजार है।वही ज्ञापन में कहा गया कि रक्षाबंधन जैसे पर्व के समय महंगाई ने आम आदमी की परेशानी बढ़ा दी है। शक्कर के दाम बढ़ने, बस किराए में वृद्धि और गैस सिलेंडर की किल्लत के कारण गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों का घरेलू बजट बिगड़ गया है। कांग्रेस ने लाड़ली बहना योजना की राशि बढ़ाकर 3000 रुपए प्रतिमाह करने की मांग भी उठाई। कांग्रेस नेताओं ने बिजली विभाग पर अघोषित कटौती और स्मार्ट मीटर के माध्यम से अधिक बिजली बिल दिए जाने का आरोप लगाते हुए राहत की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विद्युत व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं हुआ तो कांग्रेस विद्युत मंडल का घेराव कर आंदोलन करेगी, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन से पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय आशा भवन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता शेख बहादुर भाई के आकस्मिक निधन पर कांग्रेसजनों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अब्बीद हुसैन लोदी, पूर्व मंडी अध्यक्ष कैलाश सुरावत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप सादानी, प्रमोद सादानी, जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि घनश्याम मालवीय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बारिश के बीच प्रदर्शन, छतरी में ज्ञापन लेने पहुंचे एसडीएम

महाविद्यालयों की दुर्दशा पर अभाविप ने भरी हुंकार



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

शासकीय महाविद्यालयों में विद्यार्थियों की मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा गुरुवार को प्रदेशव्यापी आंदोलन किया गया। राजगढ़ मुख्यालय पर मूसलाधार बारिश के बीच एबीवीपी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए कलेक्टोरेट पहुंचे जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। बारिश के चलते राजगढ़ एसडीएम छाता लगाकर प्रदर्शन स्थल पहुंचे और छात्रों की मांगे और समस्याएं सुनते हुए उन्हें शासन तक भिजवाने की बात कही। एबीवीपी पदाधिकारियों ने बताया कि अनेक शासकीय महाविद्यालयों में विद्यार्थी स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त एवं स्वच्छ शौचालय, व्यवस्थित कक्षाओं, पर्याप्त फर्नीचर, बिजली एवं प्रकाश व्यवस्था, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं, खेल सुविधाओं, छात्राओं के लिए आवश्यक सुविधाओं, इंटरनेट, पार्किंग, सुरक्षा एवं प्राथमिक उपचार जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव का सामना कर रहे हैं।

आगे भी जारी रहेगा हमारा आंदोलन

अभाविप के राजगढ़ जिला संयोजक श्री शुभम शर्मा ने कहा कि आने वाले समय में विभिन्न रचनात्मक एवं आंदोलनात्मक माध्यमों से मांगों के पूर्ण होने तक अभाविप का यह अभियान जारी रहेगा। विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए इन समस्याओं का तत्काल समाधान आवश्यक है। इस अवसर पर कुलदीप सिंगी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मुंदडा कॉलोनी में नाली बनी, सड़क अधूरी रहने से रहवासियों के साथ स्कूली बच्चे ज्यादा परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नगर परिषद की अनियमितताओं विकास कार्य ,रोड़ निर्माण नालीयों की साफ-सफाई जैसी मुलभुत सुविधाओं को लेकर समस्याएं बनीं रहना आम बात है। विकास के इन दावों की पोल स्पष्ट रूप से खुलती नजर आ रही है। नगर के वार्ड क्रमांक 12 में मुंदड़ा कॉलोनी के यहां कल्प वृक्ष के सामने पानी निकासी के लिए नाली तो बना दि गई, लेकिन सड़क को कच्चा और कीचड़ भरा ही छोड़ दिया गया। जिससे उस क्षेत्र में रहवासियों और स्कूली बच्चों को ज्यादा परेषानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय रहवासियों के अनुसार इस कच्ची सड़क से करीब 15 से 20 परिवार रोजाना गुजरते हैं। बारिश के बाद हालात और बिगड़ गए हैं। पूरी सड़क पर कीचड़ जमा है, जिससे दुपहिया वाहन फिसल रहे हैं और पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। बच्चे इसी कीचड़ भरे रास्ते से होकर स्कूल जाने को मजबूर हैं। कई बार बच्चे कीचड़ में गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। बुजुर्गों और महिलाओं को भी घर से निकलने में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

इसी वार्ड के फलोदी कालोनी की एक गली का हिस्सा नगर परिषद की मनमानी का शिकार बना हुआ है जहां पर सीमेंट कांक्रीट रोड़ नहीं बना कर रहवासियों को परेशानी से जुझना पड़ रहा है जबकि वहां के रहवासियों ने शासन को शिकायत 181 पर दर्ज करा रखी लेकिन नगर परिषद के सीएमओ एवं उपयंत्री को 181 का भी कोई डर नहीं है।

इनका कहना है

यह इंटरनल एरिया है, नियम में यहा सीसी रोड का प्रावधान नहीं है। हालांकि कॉलोनी काटने वालों से बात कर जल्द ही रोड बनवाई जाएगी।

-ब्रजेश उपाध्याय, उपयंत्री नगर परिषद जीरापुर

ईमानदारी की मिसाल पेश की

दो लाख कीमती आभूषण से भरा मिला बैग पुलिस को सौंपा, मिला सम्मान



माचलपुर। माचलपुर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने ईमानदारी की मिसाल पेश करते हुए सड़क पर मिला कीमती सामान से भरा बैग पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बैग में करीब 2 लाख रुपये कीमत के आभूषण एवं 1700 रुपए नकद सहित अन्य सामान रखा था। जानकारी के अनुसार ग्राम गाड़िया निवासी कोमल एवं पूजा पिता श्यामपुरी गोस्वामी अपनी स्कूटी से गागोरनी की ओर जा रही थीं। इसी दौरान रावण बड़ली, माचलपुर के पास उनका एक बैग स्कूटी से गिर गया। बैग में दो मंगलसूत्र, पायजेब, 1700 रुपए नकद सहित अन्य कीमती सामान था। इसी दौरान ग्राम ब्राह्मण गांव निवासी सीयाराम पिता मनोहरलाल दांगी को सड़क पर पड़ा बैग मिला। सियाराम ने ईमानदारी का परिचय देते हुए बैग को अपने पास रखने के बजाय माचलपुर थाना पुलिस को सौंप दिया। इधर फरियादी द्वारा थाना जीरापुर में बैग गुम होने की सूचना दी गई। पुलिस ने मामले की जानकारी लेते हुए फरियादी से फोन पर संपर्क किया और उन्हें माचलपुर थाने बुलाया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उनका सामान उन्हें वापस सौंप दिया। सामान सुरक्षित मिलने पर फरियादी ने पुलिस एवं बैग थाने में जमा कराने वाले सियाराम दांगी का आभार जताया। वहीं, माचलपुर थाना पुलिस द्वारा सियाराम दांगी का स्वागत एवं सम्मान कर उनकी ईमानदारी की सराहना की गई।

भव्य ग्लोबल स्कूल में मना रक्षाबंधन पर्व

राखी मेकिंग प्रतियोगिता में शिक्षा लववंशी रहीं प्रथम



हरिभूमि न्यूज. लखनवास। भव्य ग्लोबल स्कूल में रक्षाबंधन के पावन पर्व के उपलक्ष्य में विशेष समारोह एवं राखी मेकिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित राखी मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपने हाथों से अत्यंत आकर्षक और सुंदर राखियां तैयार कीं। प्रतियोगिता के परिणामों में: प्रथम स्थानः शिक्षा लववंशी, द्वितीय स्थानः आयशा लववंशी, तृतीय स्थानः राधा लववंशी। प्रतियोगिता के बाद आयोजित सांस्कृतिक गतिविधि में छात्राओं ने अपने हाथों से बनाई राखियां भाइयों की कलाई पर बांधीं, उन्हें तिलक लगाकर मिठाई खिलाई और उनकी लंबी उम्र की कामना की। वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों की रक्षा का संकल्प लिया। पूरे विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा और सभी बच्चों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर भाई-बहन के इस पावन रिश्ते का जश्न धूमधाम से मनाया। स्कूल प्रबंधन ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रबंधन ने कहा कि भव्य ग्लोबल स्कूल में बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार की रचनात्मक और सांस्कृतिक गतिविधियों का नियमित व सुचारू रूप से संचालन किया जाता है, जिससे बच्चे अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़े रहें। कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं।

कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग

क्या अवैध खनन व क्रेशर के लिए ढहाया खाटू श्याम का निर्माणाधीन मंदिर?

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

क्षेत्र के तूमड़िया बडली में निर्माणाधीन खाटू श्याम मंदिर को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में ढहाए जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। दो दिन पूर्व सुठालिया तहसीलदार द्वारा की गई इस कार्रवाई के विरोध में मंदिर निर्माण समिति और आसपास के ग्रामीणों ने लामबंद होकर राजगढ़ कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और न्याय की गुहार लगाई। ग्रामीणों ने सुठालिया तहसीलदार की कार्यप्रणाली पर कड़े सवाल उठाते हुए मुकुट यादव (सवासी) नामक व्यक्ति के साथ मिलीभगत का सनसनीखेज आरोप लगाया है।

निजी स्वार्थ के चलते मंदिर गिराने का आरोप

ज्ञापन में ग्रामीणों ने उल्लेख किया है कि जिस स्थान पर जनसहयोग से खाटू श्याम मंदिर का निर्माण करीब एक माह से लगातार जारी था जो कि लगभग आधा कम पूर्ण हो चुका था, लेकिन वहां मुकुट यादव कथित तौर पर अपनी क्रेशर मशीन लगाने की फिराक में था। मंदिर बनने के कारण वह अपनी योजना को अंजाम नहीं दे पा रहा था। आरोप है कि इसी व्यक्तिगत लाभ के चलते मुकुल यादव ने राजस्व प्रशासन से सांठगांठ कर निर्माणाधीन मंदिर को भारी पुलिस बल तैनात करवाकर तुड़वा दिया।



क्षेत्रवासियों में गहरा रोष

मंदिर निर्माण समिति के सदस्यों ने बताया कि यह मंदिर आसपास के कई गांवों के श्रद्धालुओं की आस्था और जनसहयोग से तैयार हो रहा था। अचानक हुई इस कार्रवाई से क्षेत्रीय जनता की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं और पूरे क्षेत्र में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय व निष्पक्ष जांच कराई जाए और प्रशासन की मिलीभगत से किए गए इस कृत्य के लिए संबंधित अधिकारियों व आरोपियों के खिलाफ तत्काल सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

इनका कहना है

सरकारी भूमि पर बिना अनुमति निर्माण किया जा रहा था, जिसमें हमने विधिवत कार्रवाई की है। हमने पहले ही उन्हें लिखित नोटिस देकर बीस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया था, परंतु निर्माण नहीं रोका गया। यह हमारा कोई व्यक्तिगत मामला नहीं है, यदि मंदिर का निर्माण करना है, तो एक समिति बनाएं, विधिवत अनुमति लें और अवश्य मंदिर बनाएं।

रामनिवास धाकड़, तहसीलदार सुठालिया

श्रृंगार सामग्री की दुकानों पर अच्छी-खासी भीड़ रही

बारिश थमते ही बाजार में रौनक, बहनों की राखी की खरीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

रक्षाबंधन पर्व नजदीक आते ही नगर के बाजारों में त्योहार की रौनक बढ़ने लगी है। पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण बाजारों में अपेक्षाकृत कम चहल-पहल देखने को मिल रही थी, लेकिन गुरुवार को बारिश थमते ही बाजारों में खरीदारों की भीड़ नजर आई। खासकर राखी की दुकानों और श्रृंगार सामग्री की दुकानों पर बहनों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। रक्षाबंधन को लेकर बाजार में तरह-तरह की आकर्षक राखियां सजाई गई हैं। रंग-बिरंगी राखियों के साथ बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाली राखियां, धार्मिक प्रतीकों वाली राखियां और डिजाइनर राखियां लोगों को आकर्षित कर रही हैं। बहनें अपने भाइयों की पसंद के अनुसार राखियां पसंद करती नजर आईं। वहीं, कई महिलाएं राखी के साथ पूजा सामग्री, मिठाई, रोली, चावल और अन्य आवश्यक सामान की भी खरीदारी करती दिखाई दीं।



दुकानदारों ने सजाई विशेष दुकानें: रक्षाबंधन को देखते हुए दुकानदारों ने बाजार में विशेष रूप से राखी के स्टॉल और दुकानें सजाई हैं। दुकानों पर अलग-अलग कीमत और डिजाइन की राखियां उपलब्ध हैं। दुकानदारों के अनुसार त्योहार नजदीक आने के साथ ही राखियों की बिक्री में तेजी आने लगी है। खरीदारी अब मौसम साफ होने के बाद बढ़ने की उम्मीद है।

बाजार में बढ़ी चहल-पहल

बारिश थमने के बाद बाजार में बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए पहुंचे। मुख्य बाजार, कपड़ा दुकानों, मिठाई की दुकानों और राखी के स्टॉल पर लोगों की आवाजाही बढ़ गई। बहनों में रक्षाबंधन को लेकर खासा उत्साह नजर आया। कई बहनें अपने भाइयों के लिए राखी के साथ कपड़े और उपहार भी पसंद करती दिखाई दीं। रक्षाबंधन भाई-बहन के प्रेम और विश्वास का पर्व माना जाता है। ऐसे में त्योहार से पहले बाजार में दिखाई दे रही यह रौनक लोगों के उत्साह को भी दर्शा रही है।

चलती कार में लगी आग, बड़ी दुर्घटना टली



कुरावर। नगर के खेड़ी मोहल्ले स्थित कुरावर-कालापीपल मार्ग पर गुरुवार शाम करीब साढ़े छह बजे एक शिफ्ट डिजायर कार में अचानक आग लग गई। कार क्रमांक एमपी 04 सीएफ 0421 को कुछ युवक धक्का मारकर और बार-बार सेल्फ करके स्टार्ट करने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान अचानक कार में आग भड़क उठी और देखते ही देखते कार बुरी तरह जलकर नष्ट हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तथा नगर परिषद की अग्निशमन टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि समय रहते आग बुझा ली गई, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई। कार में आग लगने के कारण कुरावर और कालापीपल दोनों ओर से आने-जाने वाले वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था संभाली।